प्रकाशनार्थ

30 मार्च, 2025 गोरखपुर

गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा, जटाशंकर, गोरखपुर एवं गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन जटाशंकर स्थित गुरूद्वारा परिसर में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि डॉ धर्मेंद्र सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा थे और उन्होंने रक्तदान करके शिविर की शुरुआत की और जगनयन सिंह नीतू उन्होंने आज अपना 80 बार रक्तदान करके एक नया कृतिमान बनाया

आभासी रूप से उपस्थित ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने कहा सर्वप्रथम गुरूद्वारा कमेटी के प्रति खुशी व्यक्त करते हुए धन्यवाद देते हैं और उन्होनें बताया की फाइनेंशियल एक्सप्रेस की खबर के अनुसार हमारे देश की आबादी का केवल 37 प्रतिशत लोग ही रक्तदान करने योग्य है, लेकिन उनमें से भी 10 प्रतिशत से कम लोग हर साल ब्लड डोनेट करते हैं, ब्लड प्रकृति द्वारा हमे दिया गया सबसे मूल्यवान उपहार है, हम इसके माध्यम से लोगों कि कई तरह से मदद् कर सकते है।
वहीं गुरूद्वारा के अध्यक्ष श्री जसपाल सिंह जी ने कहा अब कमेटी ने तय किया है कि प्रत्येक माह में जटाशंकर गुरूद्वारा कमेटी अपने परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी। यह कार्य होने से एक युनिट ब्लड से तीन जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होनें शिविर में जागरूकता के लिए उपस्थित रक्तदाताओं से कहा की रक्तदान करने से स्वयं का शरीर भी स्वस्थ रहता है और कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिलता है। ऐसे में समय-समय पर रक्तदान अवश्य ही करते रहना चाहिए।
आज के रक्तदान शिविर में 30 लोगों ने रक्तदान किया

इस रक्तदान शिविर को सफल बनानें में ब्लड बैंक अधिकारी, टेक्निशियन एवं कर्मचारीयों का महत्वपुर्ण योगदान रहा।